
# दिल्ली-अजमेर एक्सप्रेस हाइवे पर मैथनॉल कैमिकल से भरा टैंकर पलटा

## कैमिकल के रिसाव से अफरा-तफरी मची, पुलिस प्रशासन के हाथ-पांव फूले



टैंकर पर पानी डालते हुए टैंकर को हाइड्रो क्रेन से सीधा किया गया।

- गुजरात के कांडला से भिवाड़ी जा रहा था टैंकर, मानपुरा माचेड़ी के सेवड़ माता मंदिर के पास हादसा हुआ
- पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हाईवे के यातायात को सर्विसलेन पर डायवर्ट किया, रेंग-रेंग कर चले वाहन
- जिला कलेक्टर सहित प्रशासन के अधिकारी पहुंचे, दमकलों से पानी डालकर क्रेन से टैंकर को सीधा किया

**मानपुरा माचेड़ी, (निसं)।** दिल्ली-अजमेर एक्सप्रेस हाइवे पर मानपुरा माचेड़ी के सेवड़ माता मंदिर के पास शनिवार को गुजरात से भिवाड़ी जा रहा ज्वलनशील मैथनॉल कैमिकल से भरा एक टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। सूचना पर मौके पर दमकल की गाड़ियां व बड़ी क्रेन मशीनें पहुंची। बाद में दमकल से पानी डालते हुए क्रेन की सहायता से टैंकर को सीधा किया गया। इस दौरान हाइवे के यातायात को सर्विस लेन पर डायवर्ट किया गया, लेकिन वाहन रेंग-रेंग कर चलते रहे व कई बार जाम की स्थिति नजर आई। मौके पर जिला कलेक्टर जितेंद्र सोनी सहित पुलिस प्रशासन के अधिकारी पहुंचे।

जानकारी के अनुसार गुजरात के कांडला से मैथनॉल कैमिकल भरकर एक टैंकर भिवाड़ी के लिए जा रहा था कि दिल्ली-अजमेर एक्सप्रेस हाइवे पर मानपुरा माचेड़ी के पास सेवड़ माता मंदिर के पास टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। सूचना मिलते ही चंदवाजी पुलिस मौके पर पहुंची। टैंकर से कैमिकल का रिसाव हो रहा था। यह देखकर पुलिस के हाथ-पांव फूल गए व हाइवे पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। पुलिस ने आनन-फानन में हाइवे के यातयात को सर्विसलेंन पर डायवर्ट कर दिया। बाद में मौके पर क्रेन व दमकल की गाड़ियां पहुंची। दमकल से टैंकर पर पानी डाला गया व सड़क पर बिखरे केमिकल पर भी पानी डाला गया। मौके पर जिला कलेक्टर जितेंद्र सोनी, आमेर तहसीलदार सौरभ गुर्जर, जमवारामगढ़ सीओ प्रदीप, गिरदावर पवन बुनकर, पटवारी मोहन मीणा सहित दौलतपुरा, मनोहरपुर थाना प्रभारी सहित पुलिस जाप्ता मौजूद रहा। टैंकर पर पानी डालते हुए टैंकर को हाइड्रो क्रेन से सीधा किया गया। टैंकर चालक मोतीराम निवासी बाड़मेर मौके से फरार हो गया। टैंकर को सीधा कर सर्विसलेन पर एक तरफ खड़ा कर पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। वहीं एहतियात के तौर पर टैंकर के पास दमकल की गाड़ियां भी खड़ी की गई व यातायात को हाइवे पर सुचारू किया गया।

# देसूरी नाल में 40 फीट खाई में ट्रक गिरा, चालक की मौत



राजसमंद में देसूरी नाल में पंजाब मोड़ पर मिनी ट्रक खाई में गिर गया।

- सुरक्षा के लिए लगी रेलिंग टूटी, चालक ने छलांग लगाई, बाल-बाल बचा

**राजसमंद, (निसं)।** देसूरी नाल में शुक्रवार आधी रात बेकाबू ट्रक पंजाब मोड़ से 200 मीटर पहले 40 फीट गहरी खाई में पलट गया। दुर्घटना में चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि खलासी घायल हो गया। सूचना के बाद चारभुजा थाने से पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा। चालक को रात को ही रेस्क्यू कर निकाल लिया, जबकि शनिवार सुबह मिनी ट्रक को निकाला गया।

चारभुजा थाना प्रभारी गोवर्धनसिंह ने बताया कि देसूरी नाल में रात करीब साढ़े बारह बजे राजसमंद से पाली की तरफ जा रहा मिनी ट्रक देसूरी नाल में पंजाब मोड़ के पास बेकाबू हो गया। मिनी ट्रक में खाद भरा हुआ था, जो अनियंत्रित होकर पंजाब मोड़ से करीब 40 फीट गहरी खाई में पलट गया। सुरक्षा के लिए लगी लोहे के रेलिंग भी टूट गई, मगर उसी वक्त चालक ने छलांग लगा दी, जिससे वह भी घायल हो गया, मगर उसकी जान बच गई। दुर्घटना में मिनी ट्रक चालक वार्ड 1, हिम्मतनगर, जिला बीकानेर निवासी जगदीशप्रसाद (40) पुत्र लाभुराम प्रजापत की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दासुन, नोखा जिला बीकानेर निवासी खलासी प्रेम (22) पुत्र नारायण ढोली घायल हो गया। हादसे के बाद अन्य वाहन चालकों की सूचना पर चारभुजा थाने से पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायल खलासी को तत्काल चारभुजा अस्पताल पहुंचा दिया, जबकि चालक ने दम तोड़ दिया। वहीं मृतक का शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। शनिवार सुबह बीकानेर से मृतक के परिजन पहुंचने के बाद शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

# नकबजन गैंग का खुलासा, चार चोर व एक खरीददार गिरफ्तार

- बदमाशों से पुलिस ने चांदी के चार बिस्किट व 13 सिक्के बरामद किए
- आरोपी बंद हवेलियों में से गहने व बर्तन चुराकर बेचने से मिले रुपयों से नशा करते थे

**जोधपुर, (कासं)।** सूनी हवेलियों में रात्रि में नकबजनी की वारदातों को अंजाम देने वाली गैंग का फलोदी पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए चार शातिर चोर व एक खरीदार को गिरफ्तार किया है। बदमाशों से पुलिस ने चांदी के चार बिस्किट व 13 सिक्के बरामद किए हैं। आरोपी बंद हवेलियों में से गहने व बर्तन चुराकर उसके बेचने से मिले रुपयों से नशा करते थे।

फलोदी पुलिस अधीक्षक पूजा अवाना ने बताया कि जिला स्पेशल टीम फलोदी व थाना फलोदी ने बंद हवेली में हुई नकबजनी की वारदात का खुलासा कर चार शातिर चोर कमलकिशोर माली, अरूण वैष्णव, अशोक जैन, बजरंग कुमावत व चुराई गई चांदी के खरीददार विजय कुमार सोनी को गिरफ्तार किया है। एसपी पूजा अवाना ने बताया कि परिवादी फलोदी निवासी राकेश जैन ने रिपोर्ट पेश की थी कि भैरुलाल महाराष्ट्र रहते हैं, उनकी बंद पड़ी हवेली में अज्ञात चोरों ने नकबजनी की वारदात की है, जिस पर मुकदमा दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश प्रारम्भ की गई। कस्बा फलोदी व आसपास के ग्रामीण इलाकों में बढ़ती चोरियों की वारदातों को रोकने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ब्रजराजसिंह चारण व वृताधिकारी फलोदी अचलसिंह देवड़ा के निर्देशन में सीआई रामेश्वर दयाल मय जाब्ता मुखबिर आसूचना व तकनीकी डाटाबेस संकलित कर चार संदिग्ध व्यक्तियों को दस्तयाब कर पूछताछ की।

दस्तयाबशुदा अशोक जैन, कमलकिशोर, अरूण कुमार, बजरंग द्वारा प्रकरण की वारदात करना स्वीकार किया गया, जिस पर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चुराए गए 148 ग्राम के चांदी के 13 सिक्के बरामद किए गए। पूछताछ अनुसार आरोपियों द्वारा हवेली में से चुराई गई चांदी फलोदी निवासी विजय कुमार सोनी को बेचना बताया, जिस पर आरोपी विजय कुमार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 983 ग्राम वजनी चांदी के चार बिस्किट बरामद किए गए।

# दस हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

- फाइनेंस कंपनियों द्वारा फाइनेंस किए गए वाहनों को खुर्द-बुर्द करने में माहिर है आरोपी
- आरोपी कुख्यात गैंग 0029 का सदस्य है

**जोधपुर, (कासं)।** फलोदी पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दस हजार रुपए के एक इनामी अपराधी हबीब खां को गिरफ्तार किया है। हबीब खां कुख्यात गैंग-0029 का सक्रिय सदस्य है और अप्रैल 2023 से फरार चल रहा था। हबीब खां फाइनेंस कंपनियों द्वारा फाइनेंस किए गए वाहनों को खुर्द-बुर्द करने में माहिर है। उसके खिलाफ इस मामले में तीन अलग-अलग एफआईआर दर्ज थी।

एसपी पूजा अवाना ने बताया कि हबीब खां के खिलाफ थाना देचू में तीन मामले दर्ज हैं। पहला मामला एसके फाइनेंस बालेसर द्वारा फाइनेंस किए गए ट्रैक्टर की किश्तें न भरने और उसे खुर्द-बुर्द करने का है। वहीं दूसरा और तीसरा मामला फाइनेंस किए गए ट्रैक्टर को खरीदने के बाद किश्तें नहीं भरकर आगे बेच देने का है। इन मामलों के तहत हबीब खां पर दस हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। एएसपी ब्रजराज सिंह चारण और वृताधिकारी संग्राम सिंह भाटी के निर्देशन में जिला स्पेशल टीम ने हबीब खां को फलोदी कस्बे से गिरफ्तार किया। आरोपी को देचू थाना पुलिस को सौंप दिया गया है, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। हबीब खां 2018 से लगातार अपराधों में लिप्त रहा है। उसके खिलाफ लोहावट, चाखू, फलोदी, देचू, औसियां और बागोड़ा (जालोर) सहित विभिन्न थानों में 15 मामले दर्ज हैं। इनमें मारपीट, हत्या का प्रयास, अपहरण, आर्म्स एक्ट, चोरी, नकबजनी और धोखाधड़ी शामिल है।

# बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** वरदा थाना क्षेत्र में एक युवक की बाइक की टक्कर से मौत का मामला सामने आया है। आंतरी के पास गोलआम्बा बस स्टैंड से थैयाता पुल पर युवक को बाइक ने रात के समय टक्कर मार दी, जिससे गंभीर घायल युवक की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक के परिवारजनों के मेहमान जाने के कारण 24 घंटे बाद सूचना मिली। इसके कारण मृतक के पोस्टमार्टम की कार्रवाई आज शुरू हुई।

वरदा थाना क्षेत्र थैयाता फला रंगोता निवासी रामलाल पुत्र हलिया रोत ने पुलिस को रिपोर्ट देते हुए बताया कि 26 दिसंबर की शाम को उसका पुत्र बंसतलाल रोत (22) डूंगरपुर से रोडवेज बस में बैठकर अपने घर आ रहा था। बस से उसने गोलआम्बा बस स्टैंड पर उतरा। इसके बाद पैदल-पैदल थैयाता पुल से होते हुए रंगौतफला आ रहा था। तभी आतरी की तरफ से एक मोटरसाइकिल तेज गति से आते हुए बसंत को जोर से टक्कर मार दी, जिससे बसंत नीचे गिरकर गंभीर घायल हो गया। घटना स्थल पर लोग एकत्रित हुए, जहां पर उसे 108 एम्बुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वरदा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की।

# जन्मदिन के दिन ही शहीद हुआ जवान हरिकृष्ण

**हनुमानगढ़, (निसं)।** जम्मू कश्मीर के लेह में ड्यूटी के दौरान हनुमानगढ़ के पल्लू तहसील के हमीरदेसर गांव का जवान शहीद हो गया। शहीद जवान हरिकृष्ण का 25वां जन्मदिन था। जवान 12 दिन पहले ही घर से छुट्टी पूरी कर अपनी ड्यूटी पर लेह पहुंचा था। सैनिक का पार्थिव देह गांव पहुंचने पर पूरे गांव में मातम छा गया। जवान हरिकृष्ण 6 साल से जाट रेजीमेंट में तैनात थे। जवान ने कल ही अपनी उम्र के 25 वर्ष पूरे किए थे। जवान हरिकृष्ण अविवाहित थे। आज उनके पैतृक गांव में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सेना के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने शहीद के पार्थिव देह पर फूल चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान भारत माता की जय और शहीद हरिकृष्ण अमर रहे के नारों से गूंज उठा।

शहीद जवान हरिकृष्ण के चचेरे भाई अनिल खीचड़ ने बताया कि जवान के पिता बुधराम किसान हैं, जिन्होंने खेती करके बेटे को पढ़ाया और देश सेवा में भेजा। शहीद की मां गुड्डी देवी ग्रहणी है। बड़ी बहन सुनीता विवाहिता है, जो अपने ससुराल में रहती है। एक बड़ा भाई ओमप्रकाश खेती करता है और अपने पिता का हाथ बंटाता है। चचेरे भाई अनिल खीचड़ ने बताया कि हरिकृष्ण साल 2018 में भर्ती हुए थे। अब तक जवान ने लेह के अलावा सियाचिन में भी अपनी ड्यूटी निभाई है। खीचड़ ने बताया कि भाई हरिकृष्ण पिछले कुछ समय से ड्यूटी के दौरान ही बीमार हो गए थे, जिसके बाद से बीमार चल रहे थे। 27 दिसंबर को उसके शहीद होने की दुखद सूचना प्राप्त हुई।

चचेरे भाई अनिल ने बताया कि लेह में ड्यूटी के दौरान तबीयत बिगड़ने के चलते भाई हरिकृष्ण को भारतीय सेना ने एयरलिफ्ट के जरिए चंडीगढ़ अस्पताल में रखा और फिर दिल्ली भी इलाज के लिए लेकर गए, लेकिन हमारा भाई बच न सका और शहीद हो गया। अनिल ने कहा कि जिले और इलाके के लिए गौरव और शौर्य का पल है, लेकिन एक भाई खोया है, इसका हमें दुख भी है। साथी सैनिक मुकेश ने बताया कि हरिकृष्ण जाट रेजीमेंट में सैनिक थे। जिसकी सर्विस 6 साल 12 दिन की थी। मुकेश ने बताया कि अच्छे एथलीट के रूप में हरिकृष्ण की रेजिमेंट में पहचान थी, जो क्रॉस कंट्री गेम में पार्टिसिपेट करते थे। हरी कृष्ण बटालियन में सबके लाडले थे। जन्मदिन के दिन हमने साथी खो दिया। जो सबसे बड़े दुख की बात है।

# कोहरे का असर : सड़क पर खड़ी पिकअप से टकराई बस

- हादसे के कारण बस में सवार एक व्यक्ति घायल हो गया
- पिकअप के परखच्चे उड़ गए, बस में बैठी सवारियों को चोट नहीं लगी

**जोधपुर, (कासं)।** निकटवर्ती स्टेट हाईवे-67 कल्याणपुर के पास ढाणी सांखला गांव में रोड पर शनिवार सुबह खड़ी पिकअप से बस टकरा गई। बस जोधपुर से सिवाना की तरफ जा रही थी। हादसे के कारण बस में सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। हादसे में पिकअप के परखच्चे उड़ गए। गनीमत यह रही कि बस में बैठी सवारियों को चोट नहीं लगी। सूचना मिलने पर कल्याणपुर पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे का कारण घना कोहरा बताया जा रहा है।

पुलिस ने बताया कि स्टेट हाईवे-67 पर बालोतरा से सब्जी से भरी पिकअप जा रही थी। तब उसका डीजल खत्म हो गया। ड्राइवर पिकअप को वहीं हाईवे के किनारे खड़ी कर डीजल लेने के लिए चला गया। वहीं जोधपुर से सिवाना की तरफ जा रही बस चालक को धुंध की वजह से पिकअप नजर नहीं आई। बस एक तरफ से पिकअप से टकरा गई। इससे पिकअप गाड़ी पलट गई। गनीमत यह रही कि पिकअप गाड़ी में कोई नहीं था। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। पिकअप में रखी सारी सब्जियां सड़क पर बिखर गई। हादसे में बस में सवार एक यात्री कल्याणपुर निवासी देमाराम घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। बस में सवार अन्य पैसेंजर को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

# बीकानेर जेल से फरार बंदी नौ साल बाद गिरफ्तार

## हरियाणा में साधु बनकर फरारी काट रहा था आरोपी

**बीकानेर, (निसं)।** कार लूट और हत्या करने के मामले बीकानेर सेंट्रल जेल से फरार आरोपी को बीकानेर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी करीब नौ साल पहले जेल से भागा था। पुलिस ने उस पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था।

बीकानेर पुलिस की टीम ने सतनाली (हरियाणा) जिला भिवाणी में प्रभातनाथ आश्रम से अभियुक्त राजेश कुमार जाट को गिरफ्तार किया है। 55 साल का राजेश मूल रूप से भिवानी हरियाणा का रहने वाला था। ये इस आश्रम में साधु सज्जननाथ बनकर फरारी काट रहा था। उसे एसटीएफ सतनाली हरियाणा के सहयोग से बीकानेर पुलिस ने धर दबोचा है। बीकानेर पुलिस को इनपुट मिला था कि राजेश अब हरियाणा में साधु बनकर फरारी काट रहा है। साल 2005 में मण्डावर के पास माग गुर्जर नामक युवक की हत्या कर उसकी कार लूटकर ले गया था। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। उसके खिलाफ मामला दर्ज हुआ। उसे गिरफ्तार कर आरोप पत्र थाना किशनगढ़ बास अलवर ने पेश किया था।

एडीजे फास्ट ट्रेक नं.01 जयपुर से उसे आजीवन कारावास की सजा मिली, जिसके बाद केन्द्रीय कारागृह बीकानेर में सजा काट रहा था। केन्द्रीय कारागृह बीकानेर से पैरोल पर वर्ष 2015 में रिहा हुआ। तय तारीख पर वो वापस जेल नहीं पहुंचा। इस पर पैरोल से फरार होने का मामला यहां बीछवाल थाने में दर्ज कराया गया। बीकानेर सेंट्रल जेल अधीक्षक के निर्देशन में उसकी तलाश बीछवाल पुलिस ने की लेकिन वो नहीं मिला।

फरारी में नहीं मिलने पर आरोपी राजेश कुमार के विरुद्ध धारा 299 दंड प्रक्रिया संहिता में आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया गया था। अब वापस उसके बारे में पुलिस को इनपुट मिला कि वो हरियाणा के किसी आश्रम में साधु बनकर रह रहा है। इस पर बीकानेर पुलिस ने हरियाणा पुलिस से सहयोग लेकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# बुजुर्ग का अपहरण करने वाले सात आरोपी गिरफ्तार



पुलिस ने बुजुर्ग का अपहरण करने वाले सात आरोपियों को गिरफ्तार कर छह को बापर्दा रखा।

- एक आरोपी पीड़ित का पड़ौसी और रिश्तेदार ही निकला
- छह आरोपियों को बापर्दा रखा, 50 लाख की फिरौती मांगी थी

**अजमेर, (कासं)।** जिले के रूपनगढ़ थाना क्षेत्र में गत दिनों एक बुजुर्ग का अपहरण करने वाले सात आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को मामले का खुलासा एसपी वंदिता राणा ने किया। मामले में छह अपहरणकर्ताओं को बापर्दा रखा गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल वाहन भी जब्त किया है। आरोपियों ने 50 लाख की फिरौती की मांग की थी, पकड़े गए आरोपियों में मुख्य आरोपी रिश्तेदार ही है।

जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने बताया कि जिले के रूपनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पालड़ी भोपतान निवासी भंवरलाल जाट ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें बताया कि 16 दिसंबर शाम जब वह अपनी कार से रूपनगढ़ घर जा रहा था, तभी रास्ते में घात लगाकर बैठे अपहरणकर्ताओं ने उसकी कार को रुकवाया और अपहरण कर लिया। उन्होंने आंखों पर पट्टी बांधकर उसे अज्ञात स्थान पर ले गए और 50 लाख रुपए की फिरौती की मांग की। पीड़ित ने अपहरणकर्ताओं को बताया कि वह गरीब है और उसके पास इतनी रकम नहीं है, तो उन्होंने 10 लाख रुपए की मांग कर दी। इस पर पीड़ित ने कहा कि उसके पास एक लाख रुपए ही हैं, जिसे लाने के लिए उन्होंने अपने पुत्र को फोन किया।

**पुलिस की भनक लगते हुए फरार :-** एसपी राणा ने बताया कि घटना की सूचना बुजुर्ग के पुत्र ने पुलिस को दी। आरोपियों को पुलिस की भनक लगने पर भंवरलाल और उसकी कार को ग्राम मरवा से हबसपुरा जाने वाली सड़क पर जंगल में छोड़कर फरार हो गए। जाते-जाते आरोपी कार की सीट के नीचे रखे एक लाख 55 हजार रुपए और डेस्कबोर्ड में रखे कार के कागजात भी ले लिए।

मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी राणा ने पुलिस टीम का गठन किया। टीम ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले और संदिग्ध मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल निकालकर विश्लेषण किया। पुलिस ने राजस्थान, पंजाब, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र सहित विभिन्न स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। इस अभियान में वारदात में शामिल सभी आरोपियों को डिटेन किया और उनसे गहन पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने वारदात को अंजाम देना कबूल लिया।

**रिश्तेदार ही मुख्य आरोपी :-** पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि एक आरोपी हेमराज पीड़ित का पड़ौसी और रिश्तेदार ही है, जिसने इस योजना को बनाया था। हेमराज के साथ गिरफ्तार शेष मुल्जिमों को बापर्दा रखा गया है।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN
राजस्थान सरकार का उपक्रम
नव वर्ष पर करें नए उद्यम की शुरुआत रीको के साथ
सरल ई-नीलामी के माध्यम से
आधारभूत सुविधाओं युक्त औद्योगिक क्षेत्रों में करें उद्यम की स्थापना

| कुल भूखण्ड | औद्योगिक भूखण्ड | व्यावसायिक भूखण्ड | आवासीय | अस्पताल (1), दुकानें (62), होटल (2), वे-ब्रिज (1) एवं कियोस्क (2) |
|---|---|---|---|---|
| 326 | 231 | 10 | 17 | 68 |

ईएमडी
प्रारम्भ तिथि : 30 दिसम्बर, 2024 (प्रातः 10:00 बजे)
अंतिम तिथि : 13 जनवरी, 2025 (सायं 06:00 बजे)

ऑनलाईन बिड
प्रारम्भ तिथि : 14 जनवरी, 2025 (प्रातः 10:00 बजे)
अंतिम तिथि : 16 जनवरी, 2025 (सायं 05:00 बजे)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 25 अजमेर | 04 बालोतरा | 07 बांसवाड़ा | 09 भरतपुर | 11 भीलवाड़ा |
| 11 भिवाड़ी-I | 13 भिवाड़ी-II | 04 बीकानेर | 05 बोरानाड़ा | 03 आबूरोड़ |
| 16 जयपुर (उत्तर) | 10 जयपुर (ग्रामीण) | 10 जयपुर (दक्षिण) | 02 ईपीआईपी सीतापुरा (जयपुर) | 05 झालावाड़ |
| 05 जोधपुर | 16 उदयपुर | 28 किशनगढ़ | 09 मण्डोर | 01 नीमराना |
| 17 राजसमंद | 21 सवाईमाधोपुर | 03 सीकर | 28 श्रीगंगानगर | 08 घिलोठ |

08 चूरू | 01 दौसा | 11 पाली | 05 नागौर | 06 अलवर | 05 जालोर | 04 झुन्झुनू | 15 कोटा

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किस्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान
या
टर्म लोन स्कीम के तहत भूमि की लागत का 75% तक का ऋण 5 साल की पुनर्भुगतान अवधि एवं 8.5% ब्याज के साथ*
*T&C Apply
सामान्य प्रश्नों के लिए स्कैन करें
राज.संवाद/सी/24/9650
राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005
ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएपः +91 9001306515, ई-मेलः riico@riico.co.in
ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें www.riico.co.in